आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 19.05.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन। कल पुलिस सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार। प्रदेश में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के निर्देशों के बाद देहरादून के आपदा प्रभावित कार्लीगाड़ क्षेत्र में मलबे के चैनेलाइजेशन का कार्य शुरू।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने जल संस्थान कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कई स्तरों पर लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी।
- राजकीय पौधालय, बागेश्वर में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना और रख–रखाव पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

बी.सी. खंडूड़ी निधन

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का आज देहरादून में निधन हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ थे। स्वर्गीय खंडूड़ी दो बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री रहते हुए उन्होंने देश में सड़क विकास की नई दिशा तय की। उनका राजनीतिक जीवन सादगी, पारदर्शिता और सुशासन के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई नेताओं ने उनके निधन पर दुःख व्यक्त किया है।

वहीं, प्रदेश में आज से 21 मई तक तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस दौरान समस्त सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। साथ ही कोई शासकीय मनोरंजन के कार्यक्रम भी आयोजित नहीं किए जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी की अंत्येष्टि कल पुलिस सम्मान के साथ की जाएगी। राज्य सरकार ने कल सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

मलबा चैनेलाइजेशन

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के निर्देशों के बाद देहरादून के आपदा प्रभावित कार्लीगाड़ क्षेत्र में मलबे के चैनेलाइजेशन का कार्य शुरू हो गया है। जिला खान विभाग द्वारा मशीनों के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले दिनों श्री जोशी ने इस क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों

को आपदा के मलबे को शीघ्र हटाने और प्रभावित क्षेत्र में राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस संबंध में निविदाएं जारी कर दी गई हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है।

क्षेत्र पंचायत बैठक

टिहरी जिले के फकोट में आज नरेन्द्र नगर की ब्लॉक प्रमुख दीक्षा राणा की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल, टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों ने क्षेत्र में सड़क, पेयजल आदि से जुड़े मुद्दों को उठाया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के फोन अनिवार्य रूप से उठाएं तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें। ब्लॉक प्रमुख दीक्षा राणा ने कहा कि बैठक में सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

वहीं, बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचत को लेकर की गई अपील का असर भी देखने को मिला। अधिकांश अधिकारी पैदल, बसों और अन्य वैकल्पिक साधनों से बैठक में पहुंचे। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि इससे जहां पर्यावरण प्रदूषण कम होगा, वहीं ईंधन की खपत में भी कमी आएगी।

पंजीकरण केंद्र निरीक्षण

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने आज ऋषिकुल मैदान में बनाए गए चारधाम यात्रा के ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण कराने पहुंचे श्रद्धालुओं से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि पंजीकरण केंद्र में तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। वहीं, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र में अब तक एक लाख 94 हजार से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

जल संस्थान निरीक्षण

पौड़ी जिले में बढ़ती गर्मी के बीच पेयजल समस्याओं को लेकर आमजन से लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आज जल संस्थान कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यालय व्यवस्थाओं, शिकायत निस्तारण प्रणाली, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति तथा फील्ड में चल रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति का गहन जायज़ा लिया। इस दौरान कई स्तरों पर लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत एक कनिष्ठ अभियंता से

वीडियो कॉल से संपर्क किया, तो वे ड्यूटी के समय में अपने घर पर मौजूद मिले। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित के खिलाफ तत्काल प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, अधीक्षण अभियंता कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए, जिसके संबंध में उनका एक दिन का वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पेयजल जैसी अत्यंत संवेदनशील और जनहित से जुड़ी व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कंट्रोल रूम व्यवस्था की भी समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन को त्वरित और प्रभावी पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

कृषि और बागवानी को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से राजकीय पौधालय, बागेश्वर में आज सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना और रख–रखाव पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। वहीं राजकीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को भी भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से बागवानी तकनीकों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के महत्व, उपयोगिता और रख–रखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला उद्यान अधिकारी हरीश चंद्र आर्या ने कहा कि विभाग लगातार किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

भ्रमण कार्यक्रम में शामिल छात्र ऋतिक लूमियाल ने कहा कि खेती और बागवानी के आधुनिक तरीकों को समझना काफी रोचक अनुभव रहा।

मेधावी छात्र सम्मान

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की इस साल हुई हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चम्पावत जिले के होनहार छात्र–छात्राओं को आज सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने छात्रों से उनके भविष्य के लक्ष्यों पर संवाद किया और उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी।